# UNIVERSITY NEWS 21 MAY 2026

## HINDUSTAN

### एलयू के विद्यार्थियों को नौकरी का मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में पांच छात्र-छात्राओं का लर्निंग रूट्स और चार छात्र-छात्राओं का हाइक एजुकेशन में चयन हुआ। अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी दी। सैनी और द्वितीय परिसर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. एसपी सिंह ने चयनितों को बधाई दी।

### कुलपति ने न्यू कैंपस का निरीक्षण किया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियां तेज हो गई हैं। जुलाई से शुरू होने वाले नए सत्र को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने विधि संकाय, इंजीनियरिंग संकाय और इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज समेत विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। द्वितीय परिसर के प्रशासनिक भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में कुलपति ने अधिकारियों और शिक्षकों के साथ नए सत्र की शैक्षणिक व प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा की।

## DAINIK JAGRAN

### 'द्वितीय परिसर में पानी और सफाई में न आए समस्या'

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में पानी की आपूर्ति और सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या न आने पाए। छात्रों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान भी किया जाए। यह निर्देश कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बुधवार को जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर के निरीक्षण के दौरान दिए। वह विधि संकाय इंजीनियरिंग संकाय तथा इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म स्टडीज सहित सभी प्रमुख विभाग गए। प्रशासनिक भवन में नए सत्र की तैयारियों पर चर्चा की। कुलपति ने छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विधि संकाय को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सुझाव दिए। इंस्टीट्यूट आफ टूरिज्म स्टडीज में कुलपति ने पर्यटन शिक्षा की बढ़ती संभावनाओं पर चर्चा की। छात्रों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं बनाने का निर्देश दिया। **वि.**

## DAINIK JAGRAN

### 'आयकर में छूट पाने के लिए नियमों का पालन अनिवार्य'

**आयकर विभाग ने विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में किया जागरुकता कार्यक्रम, दंडात्मक कार्यवाही से बचने का है प्रयास**

**लखनऊ :** संगठनों को आयकर छूट का लाभ बनाए रखने के लिए निर्धारित नियमों का कड़ाई से अनुपालन करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उन्हें कर देयता का सामना करना पड़ सकता है। विभाग का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के बजाय जागरुकता के माध्यम से स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना है। यह जानकारी आयकर विभाग की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में नए 'आयकर अधिनियम 2025' पर राष्ट्रव्यापी जागरुकता अभियान "प्रारंभ 2026" के तहत आयोजित विशेष कार्यक्रम में अधिकारियों ने दी।

यह कार्यक्रम आयकर आयुक्त (छूट) मजहर अकरम, यूपी, उत्तराखंड और अपर आयकर आयुक्त (छूट) डा. प्रीति सिंह लखनऊ के मार्गदर्शन में किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि नए आयकर अधिनियम 2025 में आयकर से छूट प्राप्त संस्थाओं से संबंधित कानूनी प्रविधानों में महत्वपूर्ण व सुधारात्मक बदलाव किए गए हैं। इस सरलीकरण का उद्देश्य अनावश्यक मुकदमेबाजी को टालना और अनुपालन को सुगम बनाना है। नए अधिनियम के तहत आयकर छूट प्राप्त संस्थाओं को अब 'रजिस्टर्ड नान-प्राफिट आर्गेनाइजेशन' का नया शीर्षक दिया गया है। तकनीकी सत्र में उप आयकर आयुक्त (छूट) संजीव कुमार सक्सेना, सीए आशीष कपूर ने नए प्रविधानों की जानकारी दी। इस अवसर पर लवि की वित्त अधिकारी डा. हिमानी चौधरी, वाणिज्य संकाय की अधिष्ठाता डा. अर्चना सिंह भी उपस्थित रहीं। **वि**

## DAINIK JAGRAN

### विभाग का ही इंटरडिपार्टमेंटल प्रश्न पत्र पढ़ने की अनुमति

**जासं • लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक दूसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए इंटरडिपार्टमेंटल प्रश्न पत्र को लेकर निर्देश जारी किए हैं। अभी तक विभागों में संकायवार इंटरडिपार्टमेंटल प्रश्न पत्र लिए जाने की व्यवस्था है, लेकिन कुछ विभागों एवं कालेजों में जहां मात्र एक ही विभाग या विषय संचालित है, वहां संबंधित विषय के विद्यार्थियों का विभाग का ही प्रश्न पत्र पढ़ने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने इन छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा अध्ययन किए गए इंटरडिपार्टमेंटल प्रश्न पत्र को स्वीकार करने की अनुमति दी गई है, लेकिन भविष्य में इंटरडिपार्टमेंटल प्रश्न पत्र के लिए विभाग के विषय का चयन करना होगा। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इसका आदेश जारी किया है।

## AMRIT VICHAR

### लविवि के नौ विद्यार्थियों का लर्निंग रूट्स, हाइक एजुकेशन में चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति व विभागाध्यक्ष ने दी चयनित छात्रों को बधाई

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 5 छात्र-छात्राओं का लर्निंग रूट्स और 4 छात्र-छात्राओं का हाइक एजुकेशन में चयन हुआ है। अभियांत्रिकी संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि लर्निंग रूट्स और हाइक एजुकेशन की चयन प्रक्रिया के अंतर्गत प्री-प्लेसमेंट टॉक, ग्रुप डिस्कशन, इम्प्रॉम्प्टू राउंड एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरण आयोजित किए गए। जिनमें लखनऊ विश्वविद्यालय के नौ विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की।

लर्निंग रूट्स में चयनित विद्यार्थियों में एमबीए आईएमएस से वैष्णवी तिवारी, अदीबा साबिह, रुद्रांश प्रभु, कुशाग्र सिंह व जया पाण्डेय शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों का चयन सेल्स एसोसिएट पद पर हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को अधिकतम 6.06 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज प्रदान किया जाएगा। वहीं, हाइक एजुकेशन में चयनित विद्यार्थियों में एमसीए की छात्रा रिया कुमारी, एमबीए लुम्बा की छात्रा वार्तिका चन्द्रा, बीसीए के छात्र रितिक द्विवेदी तथा बीटेक सीएसई के छात्र आयुष जिंदल शामिल हैं। और इन्हें कंपनी द्वारा अधिकतम 7.62 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज प्रदान किया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी सैनी और द्वितीय परिसर के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. एसपी सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

### एलएलबी में लागू किए एनईपी के प्रावधान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी त्रिवर्षीय और पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान लागू करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय का यह निर्णय वर्तमान शैक्षणिक सत्र से ही प्रभावी माना जाएगा। इसके तहत एलएलबी प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र भी नई व्यवस्था के दायरे में आएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एलएलबी तीन वर्षीय और पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के छात्रों को विषम सेमेस्टर से सम सेमेस्टर में प्रमोट किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इस निर्णय से विधि संकाय के सैकड़ों छात्रों को राहत मिलेगी और शैक्षणिक सत्र नियमित बनाए रखने में मदद मिलेगी। कुलपति ने कहा कि विधि शिक्षा को आधुनिक वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालना और छात्रों के शैक्षणिक मार्ग को सरल बनाना समय की मांग थी। उन्होंने कहा कि विषम सेमेस्टर से सम सेमेस्टर में प्रमोशन की व्यवस्था छात्रों के हित में बड़ा कदम है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विधि संकाय और संबंधित विभागाध्यक्षों को पाठ्यक्रम तथा प्रमोशन नियमावली को जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए हैं।

## AMRIT VICHAR

### कर नीतियों के प्रति होना चाहिए सजग

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से आयकर विभाग के सहयोग से नवीन आयकर अधिनियम, 2025 विषयक जागरूकता और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने वर्तमान समय में कर साक्षरता और जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और पेशेवरों को कर नीतियों और नियामक ढांचे में हो रहे बदलावों की जानकारी लगातार रखनी चाहिए। तकनीकी सत्र में नवीन आयकर अधिनियम-2025 के विभिन्न प्रावधानों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। संजीव कुमार सक्सेना ने पंजीकृत गैर-लाभकारी संगठनों के लिए संशोधित कर व्यवस्था के अनुपालन संबंधी पहलुओं पर व्याख्यान दिया। वहीं, सीए आशीष कपूर ने खातों की पुस्तकों और वैधानिक अभिलेखों के संधारण से जुड़े आवश्यक प्रावधानों की जानकारी साझा की। इस दौरान प्रो. अर्चना सिंह, प्रो. राम मिलन, हिमानी चौधरी, संजीव कुमार सक्सेना और सीए आशीष कपूर समेत विश्वविद्यालय और कॉलेज के शिक्षक उपस्थित रहे।

## HINDUSTAN TIMES

### VARSITY IMPLEMENTS NEP PROVISIONS IN LLB COURSES

**LUCKNOW :** Lucknow University has announced implementation of provisions of the National Education Policy (NEP) in LLB three-year and five-year integrated courses from the current academic session.

The university said students currently enrolled in the second semester of the first year of LLB would also come under the new policy framework. Under the NEP provisions related to examination results, all students of LLB three-year and five-year courses will now be promoted from odd semesters to even semesters. "Aligning legal education with modern global standards and smoothing the academic path for students was necessary. The provision of promotion from odd to even semesters under the NEP will provide great relief to the students. With the implementation of this policy, the future of the students studying in the current session will be brighter, more secure and multifaceted," vice-chancellor prof JP Saini said. The university administration said instructions had been issued to the Faculty of Law and heads of departments to finalise the curriculum structure and promotion guidelines. **HTC**

## AMAR UJALA

### एमए अंग्रेजी का वायवा चार से छह जून तक

**लखनऊ।** लविवि में एमए अंग्रेजी के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों का वायवा चार, पांच और छह जून को होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. नाजनीन खान ने बताया कि अंग्रेजी व आधुनिक यूरोपियन भाषा विभागाध्यक्ष के कक्ष में ही चार व पांच जून को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और दोपहर 1:30 से शाम 4:30 बजे तक वायवा होगा। छह जून को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और दोपहर 1:30 से तीन बजे तक वायवा होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

## I NEXT

### एलयू के स्टूडेंट्स को मिली प्लेसमेंट

**LUCKNOW:** एलयू के द्वितीय परिसर स्थित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के पांच छात्र-छात्राओं का लर्निंग रूट्स एवं चार का हाइक एजुकेशन में चयन हुआ. प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि लर्निंग रूट्स में चयनित विद्यार्थियों को अधिकतम 6.06 लाख वार्षिक (सीटीसी) और हाइक एजुकेशन में चयनित विद्यार्थियों को अधिकतम 7.62 लाख वार्षिक (सीटीसी) का पैकेज दिया जाएगा.